# HAPUR POLICE


## प्रेस नोट

**थाना - गढमुक्तेश्वर** **दिनांक 28.11.2025**

- **थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बृजघाट शमशान में शव के स्थान पर पुतले (डमी) का अंतिम संस्कार करने आये 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 02 पुतले (डमी), कफन का कपडा व घटना में प्रयुक्त आई-20 कार बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त कमल सोमानी अपने नौकर अंशुल के डमी पुतला का अंतिम संस्कार कर मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त कर बीमा कम्पनी से इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये हड़पना चाहता था।**

**कार्यवाहीः-**

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बृजघाट शमशान में शव के स्थान पर पुतले (डमी) का अंतिम संस्कार करने आये 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 02 पुतले (डमी), कफन का कपडा व घटना में प्रयुक्त आई-20 कार बरामद हुई है।



उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1. कमल सोमानी पुत्र श्रवण कुमार सोमानी निवासी RZF1/136 गली नं0 01, महावीर एन्कलेव कालोनी पालम दिल्ली।
2. आशीष खुराना पुत्र विनोद खुराना निवासी t 25 जैन कॉलोनी थाना उत्तम नगर दिल्ली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 02 पुतले (डमी) व कफन का कपडा।
2. घटना में प्रयुक्त आई-20 कार रजि0 नं0 HR 26 DN 6168

## पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्त कमल सोमानी उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि उसने कर्ज से परेशान होकर अपने नौकर अंशुल पुत्र धर्मराज निवासी 6027/28 प्रथम तल गली नं0 4 ब्लाक नं0 2 निकट आर्य समाज रोड करोल बाग दिल्ली के नाम से टाटा ए.आई.ए सम्पूर्ण रक्षा प्रोमिश से पोलिसी नं0 C-233989260 के द्वारा 50 लाख रूपये का ऑनलाइन इंश्योरेंस लगभग एक वर्ष पूर्व कराया था, जिसमें मैं स्वयं (कमल सोमानी) नॉमिनी हूँ तथा मेरे द्वारा ही पालिसी की 2245/- रूपये की प्रति माह किस्त अदा की जा रही थी, नौकर अंशुल के बिहार चले जाने के बाद मेरे द्वारा 50 लाख रूपये का क्लेम प्राप्त करने के लिये अपने साथी आशीष खुराना को लालच देकर अपने साथ सम्मिलित कर हम दोनों ने अंशुल के नाम की डमी पुतला को अर्थी बनाकर दाह संस्कार के लिये बृजघाट लेकर आये थे तथा दाह संस्कार करने के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर बीमा कम्पनी से इंश्योरेंस क्लेम (50 लाख रुपये) प्राप्त करना चाहते थे।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री सार्थक कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
4. है0का0 272 अंकित कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।